दैनिक जागरण
बरेली, बुधवार
17 अप्रैल, 2024
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 18

PAGE NO : 06 BOTTOM

मिशन एकेडमी व विद्या वर्ल्ड पहुंचे फाइनल में

- 120 रन बनाने के साथ तीन विकेट लेने वाले मिशन के कप्तान असद मैन आफ द मैच
- 33 रन बनाने के साथ ही तीन विकेट लेने वाले विद्या वर्ल्ड के दक्ष चंदेल मैन आफ द मैच

जागरण संवाददाता, बरेली : एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से आयोजित पंचम श्रीराम मूर्ति मैमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट के सातवें दिन मंगलवार को दोनों सेमी फाइनल मैच खेले गए। पहले सेमी फाइनल में मिशन एकेडमी ने सेंट फ्रांसिस की टीम को 139 रन से और दूसरे सेमी फाइनल में विद्या वर्ल्ड ने डीपीएस को 172 से हरा कर फाइनल में प्रवेश किया। दोनों के बीच टूर्नामेंट का अंतिम मुकाबला गुरुवार को खेला जाएगा।

टूर्नामेंट का 13वां मैच सेंट फ्रांसिस कांवेंट और मिशन एकेडमी के बीच हुआ। मिशन के कप्तान असद नदफ ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। कप्तान असद नाबाद रहे। मिशन की टीम ने अरुन कुमार व साही यदुवंशी की मदद से 20 ओवर में तीन विकेट खोकर 258 रन बनाए। जवाब में सेंट फ्रांसिस की टीम 17 ओवर में 119 रन बनाकर आल आउट हो गई। मिशन एकेडमी ने 139 रन से सेंट फ्रांसिस को हरा कर फाइनल में स्थान पक्का किया।

सेमीफाइनल विजेता मिशन एकेडमी और विद्या वर्ल्ड की टीम के साथ अतिथि • जागरण

सेंट फ्रांसिस की ओर से कुश शर्मा ने ही मिशन के गेंदबाजों का हिम्मत से सामना किया। कुश के बाद सर्वाधिक रन एक्स्ट्रा के रूप में मिले, इन 23 रनों ने सेंट फ्रांसिस के स्कोर में इजाफा किया।दूसरा सेमी फाइनल मैच विद्या वर्ल्ड और डीपीएस के बीच खेला गया। विद्या वर्ल्ड के कप्तान अमन कुमार ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजों ने तीन विकेट के नुकसान पर 215 रन बनाए। जवाब में डीपीएस के सभी खिलाड़ियों ने 12.5 ओवर में 43 रनों पर विद्या वर्ल्ड के गेंदबाजों के आगे घुटने टेक दिए।